# NEW ERA PUBLIC SCHOOL

Affiliated to CBSE Delhi, Upto 10+2 Level (Affiliation No–330438 ; School Code: 65441)

ESTD. - 1993

दिनांक : 19 फरवरी, 2026

प्रतिष्ठार्थ,

माननीय अभिभावक गण,

सानुराग यथोचित् अभिवादन !

एक और शैक्षिण कार्य वर्ष की समाप्ति पर मुझे बताते हुए अतिशय प्रसन्नता हो रही है कि - न्यू एरा स्कूल कुछ नया सिखाती है,

जीवन जीने की ये कला सिखाती है।

सामान्य बच्चों को भी ये दक्ष बनाती है,

लक्ष्य सिद्धि का ये बीज-मंत्र बताती है॥

जी हाँ! राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आधारित न्यू एरा पब्लिक स्कूल, पटना मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूँजी है तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना ही मेरी पहचान है, क्योंकि व्यक्तिगत रूप से मेरा ऐसा मानना है कि शिक्षा वह प्रकाशपूँज है जो हमें जीवन दृष्टि प्रदान करता है, जिसके बिना जीवन अधूरा एवं दिशाहीन होती है। अर्थात् शिक्षा ही सफलता का प्रथम सोपान है जो हमें अधिकार, कर्तव्य एवं जीवन मूल्यों से अवगत कराती है। हमारी सोच को व्यापक एवं समाज को प्रगतिशील बनाती है तथा हम समष्टि के तत्वावधान में भी सही निर्णय ले पाते हैं। मूलार्थत: शिक्षा ही वह माध्यम है जो हमें संस्कार, अनुशासन, आत्मविश्वास, आत्मसम्मान एवं सहिष्णुता से भर देती है। हम एक जिम्मेदार नागरिक बन पाते हैं तथा मूल प्रवृत्यात्मक से सामाजिक व्यवहार की ओर अग्रसर हो पाते हैं। अतएवं, विद्यालय स्थापना काल से ही मैं शिक्षा को सर्वोपरि मानकर इसे सबके लिए सुलभ बनाने में दिन-रात लगी हुई हूँ।

आपको यह जानकार अतिशय खुशी होगी कि शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार की अतुलनीय सामूहिक प्रयास से शैक्षिणक सत्र 2025-2026 में न्यू एरा पब्लिक स्कूल वैविध्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की है तथा ए.आई एवं रोबोटिक्स लैब की उत्तम व्यवस्था तथा ए.आई.क्लिकर के माध्यम से छात्रों का ससमय मूल्यांकन हो रहा है। एसएससी एवं एसएसीई-2025 की परीक्षा में उच्च लब्धांक के साथ 100% छात्रों ने उत्तीर्णता प्राप्त की है साथ ही बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद् द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, ज्ञान मंथन क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, दैनिक जागरण द्वारा आयोजित डांडिया-नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, रेडियो सिटी द्वारा आयोजित 'सिटी का तिरंगा' झांकी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है साथ ही प्रधानाचार्या को विभिन्न संगठनों द्वारा विशिष्ट सम्मान एवं पुरस्कार प्रदान किया गया है। इतना ही नहीं बल्कि, सी.बी.एस.ई ऑनलाईन सफल परीक्षा-2025 का आयोजन, परीक्षा पर चर्चा के अंतर्गत 100 % बच्चों का पंजीकरण। सी.बी.एस.ई के मानव संसाधन के रूप में बहुतेरे शिक्षकों का चयन, विद्यालय से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं का सार्वजनिक एवं निजी उपक्रमों में बड़े-बड़े पदों पर कार्यरत होना। खेल कला, संस्कृति एवं पाठ्यक्रम गतिविधि के अंतर्गत अंतर विद्यालय विज्ञान प्रदर्शनी, नृत्य, भाषण, वाद-विवाद, योग, चित्रकला, रंगोली, नाटक प्रतियोगिता तथा भोज्य महोत्सव, वृक्षारोपण, सड़क सुरक्षा, तरुमित्र कार्यक्रम आदि ने विद्यालय को एक खास पहचान दिलाई है और इस विशिष्ट पहचान का मूल कारण विद्यालय में मूल्य परक शिक्षा, सुरक्षित, स्वच्छ, अनुशासित एवं प्रेरणादायी वातावरण, स्मार्ट क्लास रूम, डिजिटल बोर्ड एवं अत्याधुनिक शिक्षण पद्धति, प्रशिक्षित, अनुभवी, समर्पित एवं विषय विशेषज्ञ शिक्षक, सप्ताहिक जाँच परीक्षा, यातायात की सुविधा, स्कूल ऐप पर ऑनलाईन अध्ययन-सामग्री की उपलब्धता, समयानुकूल ऑनलाईन क्लास की व्यवस्था, पुस्तकालय एवं साइंस व कंप्यूटर लैब की उत्तम व्यवस्था। नियमित प्रायोगिक कक्षा का आयोजन, अभिभावकों के साथ नियमित बैठकें, कमजोर विद्यार्थीयों पर विशेष ध्यान, नियमित स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन, हिंदी, गणित एवं हिन्दुस्तान ओलंपियाड के साथ-साथ वैविध्य प्रतियोगिता में प्रतिभागिता। वर्ग XII के लिए कला, विज्ञान एवं वाणिज्य की पढ़ाई की समुन्नत व्यवस्था, शिक्षण के लिए अनुकूल परिवेश आदि के कारण संभव हो पाया है। दूसरी महत्वपूर्ण बात कि विद्यालय की नींव को सशक्त एवं प्रबंधन को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी, उत्तरदायी एवं जीवनोपयोगी बनाने में आप अभिभावकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। विशेष कर आपका अमूल्य सुझाव, सहयोग, समर्थन एवं ससमय शिक्षण शुल्क का भुगतान ने हमारे प्रयास को अत्यधिक प्रबलित किया है। अस्तु,

अभिभावक हो जागरूक, प्रबंधान हो मजबूत,

तभी शिक्षा का सपना होता है पूर्ण और अटूट।

कुछ अन्य स्मरणीय बिंदु :-

- वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2025-2026 की वार्षिक परीक्षा फल का वितरण : दिनांक - 30 मार्च, 2026 ( दिन-सोमवार ) को पूर्वाह् 09:30-12:30 बजे तक।
- आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-2027 हेतु पुस्तक, लेखन सामाग्री एवं स्कूल यूनिफॉर्म का वितरण : नर्सरी से कक्षा दशम् तक के लिए दिनांक - 25 मार्च, 2026 ( दिन-बुधवार ) को विद्यालय प्रांगण में।
- नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत् : दिनांक - 06 अप्रैल, 2026 ( दिन-सोमवार ) से।
- इस वर्ष स्कूल यूनिफार्म में बदलाव लाया गया है। अत: विद्यालय के नए वेश-भूषा/परिधान में ही बच्चों को स्कूल भेजें।
- नए शैक्षणिक सत्र में प्रत्येक माह की 10वीं तारीख तक शैक्षणिक व विविध शुल्क का भुगतान सुनिश्चित करेंगे, अन्यथा विलंब शुल्क जमा करना होगा।

मैं एक बार पुनः आपको आश्वस्त करना चाहती हूँ कि हम अपने विद्यालय के स्वच्छ वातावरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, परिवहन व अन्य बुनियादी सुविधाओं की उत्तमोत्तम व्यवस्था तथा कुशल प्रशासनिक व्यवस्था के प्रति कृत संकल्पित हूँ साथ ही आशा करती हूँ कि आप अपने बच्चों के प्रतिदिन की संक्रियाओं एवं उनके प्रगति का सतत मूल्यांकन करेंगे तथा हम विद्यालय परिवार को अपेक्षित सहयोग प्रदान करेंगे। अंत में निम्न दंत पंक्ति के साथ मैं अपनी वाणी को विराम देना चाहूँगी कि -

कोई महरुमी कमी आपके बच्चों को रुला नहीं सकती,
बस इल्म से रौशन आप उनकी जिन्दगी कर दो!

धन्यवाद् !

विक्रम संवत् 2083 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाओं के साथ...!

Neena Kumar

डॉ. (श्रीमती) नीना कुमार
प्रधानाचार्या,
न्यू एरा पब्लिक स्कूल, पटना।



**Registration/ Admission is going on for the Session 2026-2027**


Our Branches:-

Director: Dr. Arvind Kumar

www.newerapublicschoolpatna.org newerapublicschool93@gmail.com

Address:- Baghakol, Faridpur, PO- Patut, PS-Bikram, Dist.-Patna-801112. 9472040129, 8294691558

Admin (Block-A):-West of Malahi Pakri Chowk, Lohia Nagar, K.bagh, Patna-20 0612-2346525, 8757290267

Block-B:- Patna New Era Public School, F/52, P C Colony, Kankarbagh, patna-20. 0612-2355619

Scan QR Code of NEPS APP